पंजाब केसरी 15/05/2025




एम.ए. पॉलीटिकल साइंस में विश्वविद्यालय में अव्वल रहे जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

# जी.एम.एन. कॉलेज के धर्मेंद्र ने एम.ए. पॉलीटिकल साइंस में विश्वविद्यालय में किया टॉप

अम्बाला, 14 मई (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज ने अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को जारी रखते हुए एम.ए. पॉलिटिकल साइंस के विद्यार्थियों ने 12वें वर्ष भी विश्वविद्यालय में शीर्ष रैंक हासिल किया। विश्वविद्यालय में प्रथम रैंक जी.एम.एन. कॉलेज के धर्मेंद्र कुमार, तृतीय रैंक अंकुर भसीन, पांचवीं रैंक शिवांगी शर्मा और सातवीं रैंक काजल ने हासिल किया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इन विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी कॉलेज के विद्यार्थियों ने असाधारण लचीलापन दिखाया और शीर्ष 10 में से 9 विश्वविद्यालय पद हासिल किए थे। वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में भी उत्कृष्टता की परंपरा जारी है।

जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों ने एम.ए. तृतीय सैमेस्टर की अंत:वार्षिक परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की। डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और संकाय के अटूट समर्थन का प्रमाण है। उन्होंने उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर गर्व है।

कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, जी.एम.एन. ट्रस्ट के अध्यक्ष जसवंत जैन और प्रबंधन सोसायटी के अन्य सदस्यों ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक बना हुआ है, जो प्रतिभा को पोषित करता है और जीवन को बदलता है।

इस अनूठी उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन, डा. राकेश कुमार, डा. कृष्ण पूनिया, डा. सरोज बाला, डा. तृप्ति शर्मा और लवप्रीत सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके प्रयासों और प्रगाढ़ लग्न का परिणाम है।